**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**11:00बजे**

## संसद सत्र

नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर आज से संसद का तीन दिवसीय सत्र आरंभ हो रहा है। इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं का सशक्तिकरण और देश में उनके अधिकार, सम्मान, सुरक्षा और राजनीति में नेतृत्व प्रदान करना है।

*संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र आज से शुरू हो रहा है। यह सत्र 18 अप्रैल तक चलेगा। इस सत्र में खासतौर से नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधनों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस अधिनियम पर अमल के लिए सरकार तीन संशोधन विधेयक पेश करेगी। इसके मुताबिक लोकसभा की सीटें 543 से बढ़ाकर करीब 850 करने का प्रस्ताव है। परिसीमन विधेयक में लोकसभा में राज्यों के लिए सीटों के आवंटन, प्रत्येक राज्य में विधानसभा सीटों की कुल संख्या और लोकसभा तथा विधानसभा वाले प्रत्येक राज्य को प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों में विभाजित करने का प्रावधान है। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण के लिए इस अधिनियम को 2023 में पारित किया गया था। केंद्र सरकार ने इस विधेयक को देश के लिए एक नई दिशा देने वाला कदम बताया है।*

## चौगान मैदान

चंबा का दिल कहे जाने वाले ऐतिहासिक चौगान को करीब साढ़े चार महीने के बाद अब आम जनमानस के लिए खोल दिया गया है। चौगान के सौंदर्यीकरण और आवश्यक रखरखाव से संबंधित कार्यों के चलते इसे बंद किया गया था। काबिले गौर है कि चौगान में बर्ष भर कई आयोजन होते हैं जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय मिंजर महोत्सव और दशहरा महोत्सव सहित अन्य खेलों के आयोजन शामिल रहते हैं। अब बच्चे और लोग यहाँ सैर करने व खेलने का आनंद ले पाएंगे। लम्बे समय पश्चात चौगान खुलने पर लोगों ने खुशी का इजहार किया है।

## पद यात्रा

बीते कल शिमला में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर एक व्यापक मंथन और पद यात्रा का आयोजन किया गया। भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष डेजी ठाकुर के नेतृत्व में हुई इस पद यात्रा में नारी शक्ति फोरम व विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि महिलाओं की भूमिका निरंतर मजबूत हो रही है लेकिन अब समय आ गया है कि उन्हें नीति निर्माण और निर्णायक प्रक्रिया में भी समान भागीदारी मिले। डेजी ठाकुर ने सभी नागरिकों से

इस अभियान से जुड़ने और सशक्त नारी, सशक्त समाज और समृद्ध भारत के संकल्प को साकार करने का आहवान किया।

## टीकाकरण अभियान

जिला कांगड़ा में स्वास्थ्य विभाग किशोरियों के स्वास्थ्य को लेकर बेहद संजीदा है और इसके लिए विभाग की ओर से गंभीर प्रयास भी किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग अधिक से अधिक किशोरियों तक पहुंच बनाने के लिए प्रयासरत है।

## मौसम

प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में आज दिन की शुरूआत खिली धूप से हुई है। हालांकि मौसम विज्ञान केंद्र ने आज रात से पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते मौसम में बदलाव की संभावना जताई है। विभाग ने 17 से 19 अप्रैल तक कुल्लू, कांगड़ा, मंडी और चंबा के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान प्रदेश की ऊंची चोटियों पर हिमपात व ओलावृष्टि जबकि निचले क्षेत्रों में बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक शोभित कटयार ने बताया कि कुछ क्षेत्रों में सामान्य से अधिक वर्षा हो सकती है जबकि राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में मानसून के कमजोर रहने का अनुमान है।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं दोपहर 3 बजे नमस्कार।